**जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद–चित्रकूट में निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओ के प्रगति के सम्बन्ध मे दिनांक–01. 04. 2024 को अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में आयोजित की गयी समीक्षा बैठक का कार्यवृत्तः–**

उक्त आयोजित बैठक मे निम्नलिखित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहेः–

1. श्रीमती अमृत पाल कौर, (I.A.S) मुख्य विकास अधिकारी चित्रकूट।
2. श्रीमती वन्दिता श्रीवास्तव, (P.C.S) अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) चित्रकूट।
3. श्री आर0के0 त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी चित्रकूट।
4. श्री धर्मजीत सिंह उपायुक्त (श्रम–रोजगार)मनरेगा चित्रकूट।
5. श्री राम जी मिश्रा, खण्ड विकास अधिकारी मऊ।
6. श्री पीयूश त्रिपाठी, खण्ड विकास अधिकारी मानिकपुर।
7. श्री प्रेमदास, अपर जिला पंचायतराज अधिकारी चित्रकूट।
8. श्री आशीष कुमार भारती, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/नोडल विभाग जल जीवन मिशन चित्रकूट
9. श्री सुमित कुमार, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (वि0/या0) चित्रकूट।
10. श्री दीपक सिंह, अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड कर्वी चित्रकूट।
11. श्री दुर्गेश कुमार सिंह, सहायक अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड राजापुर।
12. श्री पंकज सिंह, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/नोडल विभाग जल जीवन मिशन चित्रकूट
13. श्री अनिल कुमार यादव, श्री महावीर सिंह, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (वि0/या0) चित्रकूट।
14. श्री गुलाम सिबतैन, सहायक अभियन्ता, (सिविल) SWSM उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) चित्रकूट
15. श्री विजय शंकर यादव, श्री चन्द्र, श्री हरिकेश, श्री नित्यानन्द गुप्ता, श्री विन्ध्वासिनी प्रसाद चौबे, श्री शिवम् त्रिपाठी, श्री जयनारायन तिवारी, श्री अभिजीत यादव, जूनियर इंजीनियर, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/नोडल विभाग जल जीवन मिशन चित्रकूट।
16. श्री गिरजा शंकर, श्री रवि शंकर, श्री सत्यम् राजभर, जूनियर इंजीनियर, उ0प्र0 जल निगम (वि0/या0) चित्रकूट।
17. श्री अभयनरायन दीक्षित, डिप्टी टीम लीडर, (TPI)
18. श्री विनय कुमार ,क्वालिटी इंजीनियर, (TPI)
19. श्री रोहित सहाय, प्रोजेक्ट मैनेजर, कार्यदायी संस्था (L&T)
20. श्री अजय शर्मा, प्लानिंग इंजीनियर, कार्यदायी संस्था (L&T)
21. श्री प्रोविंस कटियार, प्लानिंग मैनेजर, कार्यदायी संस्था (L&T)
22. श्री अजय मिश्रा प्लानिंग इंजीनियर, कार्यदायी संस्था (GVPR)।
23. श्री विकास पाण्डेय, प्लानिंग इंजीनियर, कार्यदायी संस्था (GVPR)।
24. श्री विष्णु कुमार द्विवेदी, ठेकेदार रेफ्ट्रोफीटिंग जल निगम पैकेज –1
25. श्री मनोज कुमार सिंह साइट इंजीनियर रेफ्ट्रोफीटिंग जल निगम पैकेज –1
26. श्री सन्तोष कुमार द्विवेदी , ठेकेदार रेफ्ट्रोफीटिंग जल निगम पैकेज –2 व 3
27. श्री मिथलेश कुमार गुप्ता, श्री जगदीश बाई, साइट इंजीनियर (जे0डब्लू0आई0एल0 इन्फा लिमिटेड)
28. श्री आलोक कुमार, ठेकेदार जल निगम।
29. श्री शेर अली, ठेकेदार जल निगम।
30. श्री शिवा, ठेकेदार जल निगम।

जल जीवन मिशन जनपद चित्रकूट।

---

सर्व प्रथम बैठक मे उपस्थित नोडल विभाग जल जीवन मिशन अधिशाषी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) श्री आशीष कुमार भारती तथा उनके अधीनस्थ इंजीनियर्स से जनपद चित्रकूट में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन सिलौटा सिलौटा मुस्तकिल व चांदी बांगर ग्राम समूह पेयजल योजना, रैपुरा ग्राम समूह पेयजल परियोजना, तथा जल निगम की रेट्रोफिटिंग व पुनर्गठन के विभिन्न कम्पोनेंट्स पर कराये जा रहे कार्यो की भौतिक प्रगति के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी। उक्त समीक्षा बैठक में उपरोक्त निर्माणाधीन परियोजनाओ की समीक्षा का विवरण निम्नवत पाया गया है :–

<u>1–सिलौटा मु0 पाइप पेयजल परियोजना–</u>

## सिलौटा मुस्तकिल पाइप पेयजल परियोजना, कार्यदायी संस्था–(L&T कांस्ट्रक्शन लि0)

**1–इण्टेकवेल का कार्य–** उक्त बैठक में उपस्थित नोडल विभाग जल जीवन मिशन, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) के अधिशाषी अभियन्ता द्वारा संज्ञानित कराया गया कि उक्त घटक की भौतिक प्रगति 98 प्रतिशत है तथा क्रियाशील है। सभी सिविल एवं इलेक्ट्रिकल एवं मैकेनिकल कार्यो को पूर्ण कर सभी वी0टी पम्पों को अधिष्ठापित कर क्रियाशील करते हुए परियोजना से जुडे ग्रामों जलापूर्ति की जा रही है। स्काडा इंस्टालेशन, लाइटिंग तथा सटरगेट इंस्टालेशन इत्यादि छोटे–छोटे कार्य अभी अवशेष है। **अधोहस्ताक्षरी द्वारा रोष व्यक्त करते हुए कार्यदायी संस्था (L&T) के प्रोजेक्ट मैनेजर श्री रोहित सहाय को तत्काल/अविलम्ब मैनपावर की तैनाती करते हुए समस्त बचे अवशेष कार्यो को दिनांक 15 अप्रैल 2024** तक प्रत्येक दशा में **पूर्ण कराने के सख्त निर्देश दिये गये।**

**2–वॉटर ट्रीटमेन्ट प्लांट (WTP) (22 MLD)** समीक्षा बैठक में उपस्थित **नोडल विभाग जल जीवन मिशन,** उ0प्र0 जल निगम **(ग्रामीण) के अधिशाषी अभियन्ता** द्वारा संज्ञानित कराया गया कि उक्त घटक की भौतिक प्रगति 95 प्रतिशत है तथा क्रियाशील है। WTP मे 20 घटको का निर्माण कार्य किया जाना था। जिन्हे पूर्ण कर लिया गया है। कास्केट एयरेटर, सी.एल.एफ.1, सी.एल.एफ. 2 फ्लैश मिक्शर, एम0सी0डब्लू0आर0,पम्प हाउस, क्लोरिनेशन बिल्डिंग, इत्यादि पर सिविल एवं इलेक्ट्रिकल एवं मैकेनिकल कार्य

पूर्ण हो चुके है तथा फिल्टर हाउस, बैकवास टैंक, केमिकल हाउस, स्लज टैंक आदि पर प्लास्टर एवं फिनिसिंग,का कार्य अभी भी अवशेष है। साथ ही अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि **NABL Lab** एप्रूवल का कार्य अभी अवशेष है। **कार्यदायी संस्था (L&T) के के प्रोजेक्ट मैनेजर श्री रोहित सहाय तत्काल/अविलम्ब मैनपावर की तैनाती करते हुए उक्त परियोजना के वॉटर ट्रीटमेन्ट प्लांट के समस्त अवशेष कार्यो को दिनांक 15 अप्रैल 2024 तक पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये।**

**3–CWR/PH-** समीक्षा बैठक में उपस्थित नोडल विभाग जल जीवन मिशन, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) के अधिशाषी अभियन्ता द्वारा संज्ञानित कराया गया कि सिलौटा मुस्तकिल प्रोजेक्ट मे कुल CWR की संख्या–06 है। सभी 6 CWR के टॉप डॉम तक पूर्ण कर लिया गया है। सभी पम्प अधिष्ठापित है एवं क्रियाशील है। उपरोक्त घटकों में प्लास्टरिंग, फिनिसिंग तथा पेन्टिंग, इत्यादि के कार्य अवशेष है। **कार्यदायी संस्था (L&T) के के प्रोजेक्ट मैनेजर श्री रोहित सहाय को तत्काल/अविलम्ब मैनपावर की तैनाती करते हुए उक्त परियोजना के सभी CWRs/PHs के समस्त अवशेष कार्यो को दिनांक 15 अप्रैल 2024 तक पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये।**

**4–सिलौटा मु0 पाइप पेयजल परियोजना के ओवर हेड टैंक (OHT) की प्रगति का विवरण**

| No | Total OHTs | Work started | Top Dome Completed | Bottom Dome to Top Dom | Staging Height to Bottom Dome | Ground Level to Staging Height | दिये गये निर्देशानुसार 31.03.2024 तक पूर्ण होने वाले OHT टंकियो की संख्या | दिये गये निर्दे ानुसार 15.04.2024 तक पूर्ण होने वाले OHT टंकियो की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 17 | 17 | 12 | 04 (75-85%) | 01 (40-75%) | 00 (35-40%) | 04 | 02 |

समीक्षा बैठक में उपस्थित नोडल विभाग जल जीवन मिशन, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) के सहायक अभियन्ता, श्री पंकज सिंह, द्वारा बताया गया कि सिलौटा मुस्तकिल प्रोजेक्ट मे कुल OHT की संख्या–17 है। जिनके कार्यो की भौतिक प्रगति मात्र–76 प्रतिशत है। कुल 17 OHTs में से 12 OHTs के टॉप डोम का कार्य पूर्ण कर लिया गया है (बराछी मु0, सिलौटा मु0, नोनमई, तीरमऊ मु0, भमेट मु0, बरहट, घुरेहटा सिंहपुर, करौंदीकला, खजुरिहाकला, विसौधा, देऊधा, इत्यादि शामिल है। इसके अतिरिक्त शेष 05 OHTs में से 04 OHTs पियरियाकला, धवाडा, बुधवल व भदेवरा में कार्य बाटम डोम व वर्टिकलवाल पर है तथा 01 OHT रगौली मु0 स्टेजिंग प्लिन्थ बीम पर रगौली मु0 **OHT पर कार्य की स्थिति अत्यन्त खराब एवं धीमी गति से कराया जा रहा है।** अधोहस्ताक्षरी द्वारा कडी आपत्ति दर्ज करते हुए कार्यदायी संस्था (L&T) को तत्काल अतिरिक्त आवश्यक मशीनरी, श्रम संसाधन एवं तकनीकी टीम की तैनाती कर (24X7) दिन रात्रि दोनो शिफ्टों मे कार्य कराकर भौतिक प्रगति बढाये जाने तथा **दिनांक–20 अप्रैल 2024 तक 15 OHTs** के समस्त कार्यो पूर्ण करते हुए क्रियाशील किये जाने के सख्त निर्देश दिये गये है।

**5–कमीशनिंग ग्रामो में नियमित जलापूर्ति की स्थिति** समीक्षा बैठक में उपस्थित **नोडल विभाग जल जीवन मिशन, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) के सहायक अभियन्ता, श्री पंकज सिंह,** द्वारा बताया गया कि सिलौटा मुस्तकिल परियोजना के कुल 59 ग्रामों मे से 53 ग्रामों की कमीशनिंग पूर्ण कर ली गयी है। 43 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है। जिसका नियमित सत्यापन भी किया जा रहा है तथा कार्यदायी संस्था–(L&T) के पास टीम की संख्या कम है। जिससे लीकेज शीघ्र दुरूस्त नही हो पा रहे है। इसलिए सिलौटा मु0 के सभी ग्रामों मे नियमित रूप से पानी को आपूर्ति अभी तक शुरू नही की गयी है। अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि 59 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष कार्यदायी संस्था द्वारा 53 राजस्व ग्रामों में ही पाइप लाइन का कार्य कराया गया है, 06 राजस्व ग्राम (बंधा, रोहिनिया, पियरियाखुर्द, मनौधामाफी, तेन्दुवाखुर्द एवं रेही) में कार्य शेष है। **कार्यदायी संस्था (L&T) के प्रोजेक्ट मैनेजर श्री रोहित सहाय को निर्देशित किया गया है कि सिलौटा मु0 परियोजना के सभी ग्रामो की कमीशनिंग तथा नलों की अवशेष ग्राउटिंग एवं गांव के अन्दर रोड रेस्टोरेशन इत्यादि अवशेष कार्यो को यथाशीघ्र पूर्ण कराते हुए रोस्टरवार नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ जाने के निर्देश दिये गये है।**

**7–रोड रेस्टोरेशन की स्थिति –**

| परियोजना के कुल ग्रामो संख्या | पाइपलाइन बिछाये जाने हेतु खोदी/तोडी गयी सडक/सी.सी. रोड/इण्टरलाकिंग इत्यादि ग्रामो की | शत् प्रतिशत रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण होने वाले ग्रामो की संख्या | वर्तमान में कितने ग्रामो मे रोड रेस्टोरेशन का कार्य गतिमान है ग्रामो की संख्या |
|---|---|---|---|
| 59 | 59 | 47 | 12 |

समीक्षा बैठक में उपस्थित डिप्टी टीम लीडर, टी0पी0आई0 चित्रकूट द्वारा संज्ञानित कराया गया कि सिलौटा मुस्तकिल परियोजना अन्तर्गत कुल 59 ग्रामो में पाइपलाइन हेतु **सडक/सी.सी.रोड/इण्टरलाकिंग** इत्यादि तोडी गयी है। जिसमें अभी तक 47 ग्रामों के समस्त मजरों की सडक/सी.सी.रोड/इण्टरलाकिंग इत्यादि को दिनांक–10.04.2024 तक प्रत्येक दशा में पुर्नस्थापन करा दिया जाये तथा शेष ग्रामों में अभी तक रोड रेस्टोरेशन का कार्य नही हुआ है वर्तमान में टीम न होने के कारण कार्य बन्द है। सम्बन्धित ग्राम प्रधान/अन्य जन प्रतिनिधियों द्वारा आये दिन शिकायते प्राप्त होती रहती है। इस सम्बन्ध मे कई बार मौखिक रूप कार्यदायी संस्था (L&T) के प्रोजेक्ट मैनेजर को पूर्व में कई बार मौखिक/लिखित रोड रेस्टोरेशन किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है परन्तु कार्यदायी संस्था (L&T) द्वारा गम्भीरता नही दिखायी जा रही है, जो कि आपत्तिजनक है। **कार्यदायी संस्था (L&T) को कडी चेतावनी देते हुए 10 अप्रैल 2024 तक सिलौटा मु0 परियोजना के सभी ग्रामों की रोड रेस्टोरेशन के कार्यो को शत्प्रतिशत पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये है साथ ही साथ समीक्षा बैठक में उपस्थित थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन सेसिंस टेक लि0 के डिप्टी टीम लीडर श्री अभय नरायन दीक्षित को निर्देशित किया गया कि अपने सभी इंजीनियर्स को उक्त परियोजना के सभी ग्रामो में भेजकर कार्य स्थलों पर प्रयोग होने वाले समस्त मैटेरियल/सामाग्रियों की मानक के अनुरूप क्वालिटी/गुणवत्ता की जांच कर आख्या प्रेषित करने के निर्देश दिये गये।**

**2–चांदी बॉगर पाइप पेयजल परियोजना–**

**1–इण्टेकवेल का कार्य–** समीक्षा बैठक में उपस्थित **नोडल विभाग जल जीवन मिशन, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) के अधिशाषी अभियन्ता** द्वारा संज्ञानित कराया गया कि उक्त घटक की भौतिक प्रगति 90 प्रतिशत है तथा क्रियाशील है। चांदीबांगर पारियोजना के इण्टेकवेल में कुल 06 नग वी0टी0 पम्पों अधिष्ठापन किया जाना था जिनको अधिष्ठापित कर क्रियाशील कर लिया गया हैं। वर्तमान में इण्टेकवेल के पम्प हाउस में ब्रिक वर्क प्लास्टर एवं फीनिसिंग तथा स्काडा स्लैब की लेइंग आदि का कार्य अत्यन्त

धीमी गति से प्रगतिरत है तथा लाइटिंग, भाटर, ई0ओ0टी0 क्रेन इत्यादि कार्य अवशेष है। **बैठक में उपस्थिति कार्यदायी संस्था (L&T) के के प्रोजेक्ट मैनेजर श्री रोहित सहाय को इण्टेकवेल से सम्बन्धित समस्त अवशेष कार्यो को 15 अप्रैल 2024 तक पूर्ण कराने के सख्त निर्देश दिये गये।**

**<u>2-वॉटर ट्रीटमेन्ट प्लांट (WTP) (98 MLD)</u>** समीक्षा बैठक में उपस्थित नोडल विभाग जल जीवन मिशन, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) के अधिशाषी अभियन्ता द्वारा संज्ञानित कराया गया कि उक्त घटक की भौतिक प्रगति 80 प्रतिशत है तथा क्रियाशील है। चांदीबांगर पारियोजना WTP में 25 घटको का निर्माण कार्य किया जाना है। जिसमें WTP में सी.एल.एफ.01 में हाइड्रो टेस्टिंग, सी.एल.एफ.02 मे स्कीड वर्क, फील्टर हाउस पम्प हाउस, इलेक्ट्रिकल रूम, केमिकल हाउस बैकवास सम्प, एडमिन बिल्डिंग, स्टॉफ क्वॉटर एवं गार्ड रूम एवं इंटरनल रोड इत्यादि पर प्लास्टरिंग एवं फीनिसिंग के कार्य अत्यन्त धीमी गति से वर्तमान में गतिमान हैं। उपरोक्त कार्यो हेतु में कुल आवश्यक मैनपावर के सापेक्ष बहुत ही कम मैनपावर कार्यरत है। **बैठक में उपस्थित कार्यदायी संस्था (L&T) के प्रोजेक्ट मैनेजर श्री रोहित सहाय को** चांदीबांगर परियोजना के WTP से सम्बन्धित समस्त अवशेष कार्यो को 15 अप्रैल 2024 तक शत्प्रतिशत पूर्ण किये जाने के सख्त निर्देश दिये गये है।

**<u>3-CWR/PH</u>** – समीक्षा बैठक में उपस्थित **नोडल विभाग जल जीवन मिशन, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) के अधिशाषी अभियन्ता** द्वारा बताया गया कि चांदीबांगर पारियोजना 20 CWRs एवं 01 MCWR का निर्माण कार्य किया जाना है। जिसमें से WTP में MCWR, CWR कुसेली, बरद्वारा, पटियाजप्ती, बघवारा, भानपुर, बछरन, मैसौधा, गोंडा, चिल्लामाफी, हिनौतामाफी, रगौली, रानीपुरखाकी, औदहा, अकबरपुर, पाही, ब्यूर, कुचारम, कुल 17 CWRs के टॉप डोम का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शेष 03 CWRs के कार्य वर्तमान में अत्यन्त धीमी गति से गतिमान है। जिसमें कुल आवश्यक मैनपावर के सापेक्ष बहुत कम मैनपावर कार्यरत है। बैठक में उपस्थिति कार्यदायी संस्था (L&T) के **प्रोजेक्ट मैनेजर श्री रोहित सहाय को** कडे निर्देश देते हुए चांदीबांगर परियोजना के समस्त CWRs से सम्बन्धित समस्त अवशेष कार्यो को **15 अप्रैल 2024 तक** प्रत्येक दशा मे पूर्ण कर क्रियाशील करते हुए नियमित रूप से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति प्रारम्भ किये जाने के सख्त निर्देश दिये गये है।

**<u>4-चांदीबांगर पाइप पेयजल परियोजना के ओवर हेड टैंक (OHT) की प्रगति का विवरण</u>**

| No | Total OHTs | Work started | Top Dome Completed | Bottom Dome to Top Dome | Staging Height to Bottom Dome | Ground Level to Staging Height | Upto Ground Level |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 91 | 91 | 46 | 15 (76-99%) | 23 (51-75%) | 09 (26-50%) | 0 (0-25%) |

बैठक उपस्थित **नोडल विभाग जल जीवन मिशन, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) के अधिशाषी अभियन्ता** द्वारा बताया गया कि चांदीबांगर पाइप पेयजल परियोजना अन्तर्गत कुल 91 OHTs का निर्माण कराया जाना था जिसमें से 46 OHTs पर टॉप डोम का कार्य पूर्ण कर लिया गया है शेष 45 OHTs में वर्तमान मे कार्य अत्यन्त धीमी गति से कराया जा रहा है। कुल आवश्यक मैनपावर के सापेक्ष बहुत कम मैनपावर ही कार्यरत है। कार्यदायी संस्था (L&T) द्वारा अपेक्षित मैनपावर एवं मशीनरी की तैनाती न किये जाने कारण के निर्माणाधीन स्थलो पर कार्य की प्रगति अत्यन्त धीमी है। जिससे अपेक्षित भौतिक प्रगति प्राप्ति नही हो पा रही है। कार्यदायी संस्था (L&T) को चांदीबांर परियोजना के समस्त अवशेष OHTs में अपेक्षित मैनपावर एवं मशीनरी तैनाती समस्त अवशेष कार्यो को पूर्ण कर क्रियाशील करते हुए उनसे आच्छादित 48 ग्रामों मे **15 अप्रैल 2024** तक हाइड्रो टेस्टिंग करते हुए नियमित रूप से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति प्रारम्भ किये जाने एवं **20 ओ0एच0टी0 फंक्शनल किये जाने के सख्त** निर्देश दिये गये है **साथ ही नोडल विभाग उ0प्र0 जल निगम के चांदीबांगर परियोजना से सम्बन्धित सहायक अभियन्ता, जूनियर इंजीनियर्स श्री शिवम् त्रिपाठी, श्री अभिजीत यादव, श्री नित्यानन्द, श्री बिन्ध्यावासिनी प्रसाद चौबे, एवं टी0पी0आई0 के समस्त इंजीनियर्स को निरन्तर स्थलीय निरीक्षण कर मानक अनुरूप की निर्माणाधीन कार्य की क्वालिटी/गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए अनुश्रवण करने के निर्देश दिये गये है।**

**<u>5-ग्रामो की कमीशनिंग की स्थिति</u>** बैठक उपस्थित **नोडल विभाग जल जीवन मिशन,** उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) के **अधिशाषी अभियन्ता** द्वारा बताया गया कि चांदीबांगर पाइप पेयजल परियोजना अन्तर्गत कुल-286 ग्रामों मे से अभी तक 158 ग्रामो की कमीशनिंग पूर्ण कर ली गयी है, जिनमें से 13 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है। जिसका नियमित सत्यापन भी किया जा रहा है तथा कार्यदायी संस्था-(L&T) के पास कमीशनिंग टीम की संख्या बहुत कम है। जिससे शातप्रतिशत कमीशनिंग नही हो पा रही है। इसलिए चांदीबांगर के सभी ग्रामों मे नियमित रूप से पानी को आपूर्ति अभी तक शुरू नही की गयी है। **बैठक में उपस्थिति कार्यदायी संस्था (L&T) प्रोजेक्ट मैनेजर श्री रोहित सहाय को निर्देशित किया गया कि उक्त परियोजना के सभी ग्रामो की कमीशनिंग तथा नलों की अवशेष ग्राउटिंग एवं गांव के अन्दर रोड रेस्टोरेशन इत्यादि अवशेष कार्यो को यथाशीघ्र पूर्ण कराते हुए रोस्टरवार नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ जाने के निर्देश दिये गये है।**

**<u>7-पाइपलाइन की स्थिति-</u>** समीक्षा बैठक उपस्थित टी0पी0आई0 डिप्टी टीम लीडर श्री अभयनरायन दीक्षित द्वारा संज्ञानित कराया गया कि चांदीबांगर पाइप पेयजल परियोजना अन्तर्गत पाइपलाइन बिछाया जाना अवशेष है जिसका विवरण निम्नवत है:-

| क्र0सं0 | पाइपलाइन का नाम | कुल बिछायी जाने वाली लम्बाई कि0मी0 में | बिछायी गयी पाइपलाइन की लम्बाई कि0मी0 में | अवशेष पाइपलाइन कि0मी0 मे |
|---|---|---|---|---|
| 1 | रॉ वॉटर राईजिंगमेन | 2.85 कि0मी0 | 2.85 किमी0 | 0 |
| 2 | क्लीयर वॉटर पाइपलाइन | 479.00 कि0मी0 | 397.40 कि0मी0 | 81.60 कि0मी0 |
| 3 | ड्रिस्टीव्यूशन पाइपलाइन | 2080.00 कि0मी0 | 1789.00 कि0मी0 | 291.00 कि0मी0 |
| योग | कुल पाइपलाइन | 2561.85 किमी | 2188.25 कि0मी0 | 372.60 कि0मी0 |

उपरोक्त विवरण के अनुसार चांदीबांगर पाइप पेयजल परियोजना अन्तर्गत कुल पाइपलाइन 372.60 कि0मी0 बिछाया जाना अवशेष है। **बैठक में उपस्थिति कार्यदायी संस्था (L&T) के प्रोजेक्ट मैनेजर श्री रोहित सहाय को** चांदीबांगर परियोजना अन्तर्गत अवशेष सभी पाइपलाइन को **15 अप्रैल 2024** तक के पूर्व प्रत्येक दशा मे पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये।

## 8–रोड रेस्टोरेशन की स्थिति –

| परियोजना के कुल ग्रामो संख्या | पाइपलाइन बिछाये जाने हेतु खोदी/तोडी गयी सडक/सी.सी. रोड/इण्टरलाकिंग इत्यादि ग्रामो की | शत् प्रतिशत रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण होने वाले ग्रामो की संख्या | वर्तमान में कितने ग्रामो में रोड रेस्टोरेशन का कार्य गतिमान है ग्रामो की संख्या |
|---|---|---|---|
| 286 | 286 | 104 | 28 |

समीक्षा बैठक में उपस्थित डिप्टी टीम लीडर, टी0पी0आई0 चित्रकूट द्वारा बताया गया कि चांदीबांगर परियोजना के कुल 286 ग्रामो में से पाइपलाइन हेतु सडक/सी.सी.रोड/इण्टरलाकिंग इत्यादि तोडी गयी है। जिसमें अभी तक 104 ग्रामों की सडक/सी.सी.रोड/इण्टरलाकिंग इत्यादि को पुर्नस्थापन करा दिया गया है। शेष 182 ग्रामों में अभी तक रोड रेस्टोरेशन का कार्य नही हुआ है वर्तमान में टीम न होने के कारण कार्य बन्द है एवं 42 राजस्व ग्रामों में अभी तक कार्य प्रारम्भ भी नहीं किया गया है। सम्बन्धित ग्राम प्रधान/अन्य जन प्रतिनिधियों द्वारा आये दिन शिकायते प्राप्त होती रहती है। इस सम्बन्ध मे कई बार मौखिक रूप कार्यदायी संस्था (L&T) को रोड रेस्टोरेशन किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है परन्तु कार्यदायी संस्था (L&T) द्वारा गम्भीरता नही दिखायी जा रही है, जो कि आपत्तिजनक है। **कार्यदायी संस्था (L&T) को कडी चेतावनी देते हुए 15 अप्रैल 2024 तक चांदीबांगर परियोजना के समस्त रोड रेस्टोरेशन के कार्यो को शतप्रतिशत पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये है साथ ही साथ समीक्षा बैठक में उपस्थित नोडल विभाग जल निगम के सभी जूनियर इंजीनियर्स एवं थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन सेसिंस टेक लि0 डिप्टी टीम लीडर श्री अभयनारायन दीक्षित को निर्देशित किया गया कि अपने अधीनस्थ इंजीनियर्स को उक्त परियोजना के सभी ग्रामो के कार्य स्थलों पर प्रयोग होने वाले समस्त मैटेरियल/सामाग्रियो की मानक के अनुरूप क्वालिटी/गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए जांच आख्या प्रेषित करने के निर्देश दिये गये।**

अधोहस्ताक्षरी को फर्म मैसर्स एल0एण्ड0टी0 के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि रेलवे विभाग की अनापत्ति प्रमाण पत्र के कारण कार्य बाधित हो रहे हैं जिस पर अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम चित्रकूट द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म मैसर्स एल0एण्ड0टी0 द्वारा लाइजनिंग न करने के कारण एन0ओ0सी0 प्राप्त नहीं हो पायी है जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा रोष व्यक्त करते हुये रेलवे विभाग से लाइजनिंग करते हुये एन0ओ0सी0 यथाशीघ्र प्राप्त करने के निर्देश दिये गये हैं।

फर्म मैसर्स एल0एण्ड0टी0 के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा 29 लोकेशन पर पहुंच मार्ग की समस्या बतायी गयी जिस पर अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम चित्रकूट द्वारा अवगत कराया गया कि 23 स्थलों पर अल्टरनेट मार्ग उपलब्ध करा दिये गये हैं परन्तु ओ0एण्ड0एम0 कार्य के लिये पहुंच मार्ग की आवश्यकता है, जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा पहुंच मार्ग के निर्माण हेतु आवश्यक कार्यवाही का प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये एवं शेष 06 स्थलों पर अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) चित्रकूट द्वारा अवगत कराया गया कि अपर जिलाधिकारी महोदया (नमामि गंगे) चित्रकूट के सहयोग से फर्म एल0एण्ड0टी0 चित्रकूट को उपरोक्त 06 स्थलों पर पहुंच मार्ग उपलब्ध करा दिया गया है।

## 3–रैपुरा ग्राम समूह पाइप पेयजल परियोजना

**1–इण्टेकवेल एवं WTP(29 MLD) का कार्य**– बैठक में उपस्थित **नोडल विभाग जल जीवन मिशन**, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) के **अधिशाषी अभियन्ता** द्वारा बताया गया कि रैपुरा ग्राम समूह पाइप पेयजल परियोजना का उक्त घटको के सभी सिविल कार्य पूर्ण हो गये है इन्टेकवेल की भौतिक प्रगति 98 प्रतिशत है तथा क्रियाशील है एवं डब्लू0टी0पी0 की भौतिक प्रगति 95 प्रतिशत है तथा क्रियाशील है तथा उपरोक्त घटक के फीनिसिंग, फ्लोरिंग एवं ग्राऊटिंग के सिविल कार्य तथा ईओटी क्रेन एवं वाटरगेट आदि के इंस्टॉलेशन का कार्य पूर्ण कर दिया गया है एवं केबलिंग का कार्य प्रगति पर है, स्काडा इत्यादि इलेक्ट्रिकल एवं मैकेनिकल के कार्य अभी भी लम्बित है। बैठक में उपस्थित, उ0प्र0 जल निगम (विद्युत/यान्त्रिकी) के अधिशासी अभियन्ता, श्री **सुमित कुमार**, द्वारा बताया गया कार्यदायी संस्था–(GVPR) इंजीनियर्स लि0 इलेक्ट्रिकल एवं मैकेनिकल टीम न होने के कारण उपरोक्त लम्बित है। इस सम्बन्ध में कार्यदायी संस्था के डी0जीएम0/प्रोजेक्ट मैनेजर को अनेको बार निर्देशित भी किया गया परन्तु उनके द्वारा कोई गम्भीरता नही दिखायी जा रही है। समीक्षा बैठक में उपस्थित **कार्यदायी संस्था–(GVPR) के प्लानिंग इंजीनियर, श्री अजय कुमार मिश्रा को तत्काल अपेक्षित इलेक्ट्रिकल एवं मैकेनिकल टीम की तैनाती करते हुए इण्टेकवेल एवं WTP सभी अवशेष कार्यो को 15 अप्रैल 2024 तक पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये।**

**2–CWR/PH**- बैठक में उपस्थित **नोडल विभाग जल जीवन मिशन**, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) के **अधिशाषी अभियन्ता** द्वारा बताया गया कि रैपुरा ग्राम समूह पाइप पेयजल परियोजना अन्तर्गत 11 CWRs तथा 01 MCWR का निर्माण किया जाना था जिनमें से 08 CWRs के रूफ स्लैब एवं पम्प हाउस के कार्य पूर्ण कर लिये गये हैं। अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म मैसर्स जी0वी0पी0आर0 के डी0जी0एम0 विगत 10 दिनों से जनपद से बाहर हैं एवं जी0वी0पी0आर0 द्वारा डी0जी0एम0 के स्थान पर किसी प्रतिस्थानी को तैनात नहीं किया गया है जिसके कारण रैपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना के कार्य प्रभावित हो रहे हैं जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा कडी नाराजगी व्यक्त करते हुये अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) चित्रकूट को निर्देश दिये गये कि डी0जी0एम0 की तैनाती के सम्बन्ध में फर्म मैसर्स जी0वी0पी0आर0 के स्टेट हेड को पत्राचार करते हुये डी0जी0एम0 की उपलब्धता सुनिश्चित करायें। समीक्षा बैठक में उपस्थित **कार्यदायी संस्था–(GVPR) के प्लानिंग इंजीनियर, श्री अजय कुमार मिश्रा को तत्काल अपेक्षित इलेक्ट्रिकल एवं मैकेनिकल टीम की तैनाती करते हुए CWR/PH सभी अवशेष कार्यो 15 अप्रैल 2024 तक पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये।**

## 3–रैपुरा पाइप पेयजल परियोजना के ओवर हेड टैंक (OHT) की प्रगति का विवरण

| No | Total OHTs | Work started | Top Dome Completed | BottomDome to Top Dome | Staging Height to Bottom Dome | Ground Level to Staging Height | upto Ground Level |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| I | 25 | 25 | 20 | 00 (75-99%) | 03 (50-75%) | 02 (25-50%) | 0 (0-25%) |

बैठक उपस्थित नोडल विभाग जल जीवन मिशन, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) के अधिशाषी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि रैपुरा ग्राम समूह पाइप पेयजल परियोजना अन्तर्गत कुल 25 OHTs का निर्माण कराया जाना था जिसमे से 20 OHTs पर टॉप डोम का कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं कर्कापडरिया, भेंडा OHTs में बॉटम डोम लेबल पर का कार्य प्रगतिरत है तथा अवशेष OHTs (टिकरियाजमुनिहाई, चूल्ही, मऊगुरदरी) पर बॉटम डोम के नीचे कार्य अत्यन्त धीमी गति से कराया जा रहा है। पिछले एक माह से कार्यदायी संस्था (GVPR) इंजीनियर्स लि0 के पास मैनपावर कम होने के कारण कार्य की प्रगति अत्यन्त धीमी है। कार्यदायी संस्था–(GVPR) इंजीनियर्स लि0 को उपरोक्त OHTs के सभी अवशेष कार्यो को 15 अप्रैल 2024 तक पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिये गये। साथ ही नोडल विभाग उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) के अधिशासी अभियन्ता, को निर्देशित किया गया कि आप स्वयं अपने स्तर से प्रतिदिन मानीटरिंग करते हुए अपने अधिनस्थ जूनियर इंजीनियर्स/सहायक अभियन्ताओं एवं टी0पी0आई0 के समस्त इंजीनियर्स को निरन्तर कार्य स्थलों में भेजकर मानक अनुरूप की निमाणाधीन कार्यो मे प्रयोग होने वाली मैटेरियल की क्वालिटी एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए अनुश्रवण कर कार्य की प्रगति बढाते हुए कार्यदायी संस्था द्वारा नियत समय सीमा के अन्दर सभी अवशेष कार्यो को पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिये गये है।

**<u>4–कमीशनिंग की स्थिति</u>**– समीक्षा बैठक उपस्थित नोडल विभाग जल जीवन मिशन, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) रैपुरा ग्राम समूह परियोजना के सहायक अभियन्ता, श्री बिस्मिल्लाह, बताया गया कि कुल 71 ग्रामों में से 40 ग्रामों की कमीशनिंग पूर्ण कर ली गयी है। कार्यदायी संस्था–(GVPR) इंजीनियर्स लि0 के पास कमीशनिंग टीम न होने के कारण शेष ग्रामो में कमीशनिंग नही हो पा रही है। वर्तमान में कार्य बन्द है। कार्यदायी संस्था–(GVPR) इंजीनियर्स लि0 **के प्लानिंग इंजीनियर, श्री अजय कुमार मिश्रा** को निर्देशित किया गया कि तत्काल मैनपावर/टीम की तैनाती कर उक्त परियोजना के अवशेष सभी ग्रामो की कमीशनिंग 15 अप्रैल 2024 तक कराने के निर्देश दिये गये।

**<u>5–नियमित जलापूर्ति शुरू करने की स्थिति</u>**– समीक्षा बैठक उपस्थित **जूनियर इंजीनियर, श्री विजयशंकर यादव द्वारा** बताया गया कि रैपुरा ग्राम समूह पाइप पेयजल परियोजना के कुल 71 ग्रामों के सापेक्ष मात्र 11 ग्रामों में पेयजलापूर्ति हो रही है रैपुरा ग्राम समूह पाइप पेयजल परियोजना के कुल 40 कमीशनिंग किये गये ग्रामो को हर घर जल प्रमाणीकरण करने हेतु निर्देशित किया गया था परन्तु कार्यदायी संस्था (GVPR) इंजीनियर्स लि0 द्वारा उक्त कार्य मे गम्भीरता नही दिखायी जा रही। इसके अतिरिक्त यह भी संज्ञानित कराया गया है कि उक्त परियोजना के बचे हुए अवशेष कार्यो के मद्देनजर कार्यदायी संस्था (GVPR) इंजीनियर्स लि0 द्वारा कार्य को तीव्र गति से कराये जाने हेतु अतिरिक्त आवश्यक मैनपावर मशीनरी की तैनाती करते हुए तीनो शिफ्टों (24x7) दिन रात कार्य कराया जाये तो 15 अप्रैल 2024 तक 50 से अधिक ग्रामो की कमीशनिंग पूर्ण कर नियमित जलापूर्ति सम्भव हो सकती है। कार्यदायी संस्था–(GVPR) इंजीनियर्स लि0 **के प्लानिंग इंजीनियर, श्री अजय कुमार मिश्रा** को कडी चेतावनी के साथ ससमय सभी कार्य स्थलो पर अतिरिक्त मैनपावर एवं मशीनरी की तैनाती करते हुए तीनो शिफ्टों (24x7) दिन रात कार्य कराये जाने के सख्त निर्देश दिये गये।

**<u>6–रोड रेस्टोरेशन की स्थिति</u>** –

| क्र | परियोजना के कुल ग्रामो संख्या | पाइपलाइन बिछाये जाने हेतु खोदी/तोडी गयी सडक/सी.सी.रोड/इण्टरलाकिंग इत्यादि ग्रामो की | शत प्रतिशत रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण होने वाले ग्रामो की संख्या | वर्तमान में कितने ग्रामो मे रोड रेस्टोरेशन का कार्य गतिमान है ग्रामो की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 71 | 71 | 22 | 04 |

बैठक में उपस्थित डिप्टी टीम लीडर, टी0पी0आई0 चित्रकूट द्वारा बताया गया कि रैपुरा ग्राम समूह पाइप पेयजल परियोजना अन्तर्गत कुल 71 ग्रामो में पाइपलाइन हेतु <u>सडक/सी.सी.रोड/इण्टरलाकिंग</u> इत्यादि तोडी गयी है। जिसमें अभी तक 22 ग्रामों की <u>सडक/सी.सी.रोड/इण्टरलाकिंग</u> इत्यादि को पुर्नस्थापन करा दिया गया है तथा वर्ममान में 04 ग्रामो मे रोड रेस्टोरेशन का कार्य अत्यन्त धीमी गति से प्रगतिरत है जिसमे 04 टीम कार्यरत है। सम्बन्धित ग्राम प्रधान/अन्य जन प्रतिनिधियों के स्तर से आये दिन शिकायते प्राप्त होती रहती है। इस सम्बन्ध मे कई बार–बार निर्देशित किये जाने के बावजूद कार्यदायी संस्था(GVPR)इंजीनियर्स लि0द्वारा उक्त कार्य मे गम्भीरता नही दिखायी जा रही है, जो कि अत्यन्त आपत्तिजनक है कार्यदायी संस्था–(जी.वी.पी.आर.) इंजीनियर्स लि0 को ग्रामवासियों/ग्राम प्रधानो/अन्य जन प्रतिनिधियो की शिकायतों का सम्यक निस्तारण कराते हुए रोड रेस्टोरेशन बचे हुये अवशेष कार्यो को 15 अप्रैल 2024 तक प्रत्येक दशा में पूर्ण करने के निर्देश दिये गये साथ ही उ0प्र0जल निगम (ग्रामीण) नोडल विभाग जल जीवन मिशन के सभी जूनियर इंजीनियर्स एवं टी0पी0आई0 के समस्त इंजीनियर्स को यह निर्देश दिये गये कि सभी निर्माणाधीन कार्यो की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए रोड कटिंग तथा रोड रेस्टोरेशन कार्यो का निरन्तर स्थलीय निरीक्षण करते आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये है।

जिला पंचायतराज अधिकारी चित्रकूट एवं सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) मानिकपुर, मऊ, कर्वी एवं पहाडी द्वारा अवगत कराया गया कि विगत वर्ष ग्रीष्म ऋतु में पेयजल समस्या के त्वरित समाधान हेतु विकास खण्ड मानिकपुर की ग्राम पंचायतें क्रमशः निही, बगदरी, नागर, रामपुर कल्याणगढ, खरौंध, जारोमाफी, किहुनिया, मारकुण्डी, कल्याणपुर, बराहमाफी, रूखमा बुजुर्ग, कैलहा, मडैयन, टिकरिया जमुनिहाई, डोंडामाफी, इटवा डुडैला, बम्हिहा, चुरेह केशरूवा, कोटा कन्दैला, ऐलहा बढैया, रानीपुर कल्याणगढ, ऊंचाडीह एवं मऊ गुरदरी, विकास खण्ड मऊ की ग्राम पंचायतें क्रमशः डोंडियामाफी, मिटारी, खपटिहा, मनका छितैनी, ताडी, मण्डौर, खण्डेहा, चित्रवार, सखौंहा, मनका, मुरका एवं कलचिहा, विकास खण्ड कर्वी की ग्राम पंचायतें चकौंध, लोढवारा एवं विकास खण्ड पहाडी की ग्राम पंचायतें पथरामानी, बाबूपुर (जरिहा) एवं बक्टा बुजुर्ग (मुस्लिम बस्ती) में टैंकर के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति की गयी थी। अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) चित्रकूट, जिला पंचायतराज अधिकारी चित्रकूट एवं समस्त सहायक विकास अधिकारी (पं0) को निर्देश दिये गये कि जनपद के समस्त विकास खण्डों के जिन ग्रामों में विगत वर्ष ग्रीष्म ऋतु में टैंकर के माध्यम से जलापूर्ति की गयी थी उन ग्रामों में इस वर्ष भी आवश्यकता पडने पर टैंकर के माध्यम से जलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें, साथ ही यह भी निदेश दिये गये कि जिन राजस्व ग्रामों में पानी की समस्या है उन ग्रामों में सार्वजनिक स्थानों पर पब्लिक स्टैण्ड पोस्ट बनाकर पेयजल आपूर्ति कराना सुनिश्चित करें। साथ ही समस्त फर्मों को निर्देश दिये गये कि ग्रीष्म ऋतु में पेयजल समस्या के त्वरित समाधान हेतु योजनावार कंट्रोल रूम

की स्थापना करा लें एवं योजना से सम्बन्धित पम्प आपरेटरों के नाम व मो0 नम्बर की सूचना उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)खण्ड कार्यालय, चित्रकूट को यथाशीघ्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**4–उ0प्र0 जल निगम की रेट्रोफिटिंग योजनाओं की समीक्षा –**

CWRs की प्रगति का विवरण

**1– पैकेज–01, 02, 03** समीक्षा बैठक में उपस्थित **नोडल विभाग जल जीवन मिशन, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) के अधिशाषी अभियन्ता** द्वारा बताया गया कि जल निगम की रेफ्ट्रोफीटिंग परियोजना अन्तर्गत पैकेज–01, 02, व 3 के **CWRs, OHTs** पाइपलाइन तथा हाउस कनेक्शन के कार्यो की प्रगति विवरण निम्नवत है :–

| क्र | परियोजना का नाम | कुल अच्छादित ग्रामो की संख्या | कुल CWRs की संख्या | वर्तमान में कितने CWRs में कार्य प्रारम्भ है संख्या | (0 से 25 %तक) प्रगति वाले CWRs की संख्या | (26 से 50%तक) प्रगति वाले CWRs की संख्या | (51 से 75 % तक) प्रगति वाले CWRs की संख्या | (76 से 99 % तक) प्रगति वाले CWRs की संख्या | पूर्ण CWRs की सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पैकेज–01 | 16 | 11 | 11 | 01 | 01 | 01 | 01 | 07 |
| 2 | पैकेज–02 | 14 | 13 | 13 | 0 | 0 | 01 | 04 | 08 |
| 3 | पैकेज–03 | 10 | 09 | 09 | 0 | 0 | 01 | 02 | 06 |
| | कुल योग | 40 | 33 | 33 | 01 | 01 | 03 | 07 | 21 |

OHTs की प्रगति का विवरण

| क्र | परियोजना का नाम | कुल अच्छादित ग्रामो की संख्या | कुल CWRs की संख्या | वर्तमान में कितने CWRs में कार्य प्रारम्भ है संख्या | (0 से 25 % तक) प्रगति वाले CWRs की संख्या | (26 से 50%तक) प्रगति वाले CWRs की संख्या | (51 से 75 % तक) प्रगति वाले CWRs की संख्या | (76 से 99 % तक) प्रगति वाले CWRs की संख्या | पूर्ण CWRs की सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पैकेज–01 | 16 | 05 | 05 | 01 | 04 | 0 | 0 | 0 |
| 2 | पैकेज–02 | 14 | 07 | 07 | 0 | 0 | 0 | 0 | 07 |
| 3 | पैकेज–03 | 10 | 05 | 05 | 0 | 0 | 0 | 02 | 03 |
| | कुल योग | 40 | 17 | 17 | 01 | 04 | 0 | 02 | 10 |

**पाइपलाइन की प्रगति का विवरण**

| क्र | परियोजना का नाम | कुल अच्छादित ग्रामो की संख्या | अच्छादित राईजिंगमेन पाइपलाइन | बिछायी गयी राईजिंगमेन पाइपलाइन | अच्छादित डिस्ट्रीव्यूसन पाइपलाइन | बिछायी गयी डिस्ट्रीव्यूसन पाइपलाइन | कुल अच्छादित पाइपलाइन | कुल बिछायी गयी राईजिंगमेन पाइपलाइन | अवशेष पाइपलाइन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पैकेज–01 | 16 | 14.13 | 0 | 113.36 | 103.85 | 127.49 | 103.85 | 24.44 |
| 2 | पैकेज–02 | 14 | 12.46 | 6.20 | 99.35 | 87.36 | 111.81 | 87.36 | 24.45 |
| 3 | पैकेज–03 | 10 | 11.49 | 6.06 | 72.20 | 49.13 | 83.69 | 49.13 | 34.56 |
| | | 40 | 38.07 | 12.26 | 284.91 | 240.34 | 322.98 | 240.34 | 83.44 |

**हाउस कनेक्शन की प्रगति का विवरण**

| क्र | परियोजना का नाम | कुल अच्छादित ग्रामो की संख्या | कुल अच्छादित हाउस कनेक्शनों की संख्या | दिये गये हाउस कनेक्शनों की संख्या | अवशेष हाउस कनेक्शनों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पैकेज–01 | 16 | 9358 | 5883 | 3475 |
| 2 | पैकेज–02 | 14 | 6122 | 3733 | 2389 |
| 3 | पैकेज–03 | 10 | 9355 | 4295 | 5060 |
| | | 40 | 24835 | 13911 | 10924 |

उपरोक्त विवरण के अवलोकन से ज्ञात हुआ है कि जल निगम की रेफ्ट्रोफीटिंग परियोजना अन्तर्गत पैकेज–01, 02, व 3 के **CWRs, OHTs** पाइपलाइन तथा हाउस कनेक्शन के कार्यो की प्रगति अत्यन्त धीमी एवं खराब है। जो कि अत्यन्त आपत्तिजनक है। उपरोक्त अवशेष कार्यो के दृष्टिगत पैकेज–01, 02, व 3 सम्बन्धित ठेकेदार श्री विद्युत जैन एवं श्री संतोष कुमार द्विवेदी को निर्देशित किया जाता है कि आवश्यकतानुसार अतिरिक्त मैनपावर एवं मशीनरी की तैनाती करते हुए गम्भीरता से (24x7) दिन–रात्रि कार्य कराने की आवश्यकता है। ताकि उपरोक्त कार्यो का ससमय पूर्ण किया जा सके। साथ ही साथ समीक्षा बैठक में उपस्थित थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन सेसिस टेक लि0 के डिप्टी टीम लीडर श्री अभयनरायन दीक्षित एवं नोडल विभाग जल निगम के समस्त जूनियर इंजीनियर्स/सहायक अभियन्ताओं को भी निर्देशित किया गया कि उक्त परियोजना के सभी ग्रामो के कार्य स्थलों पर नियमित रूप से निरीक्षण करते हुए उपरोक्त घटको पर प्रयोग होने वाले समस्त मैटेरियल/सामाग्रियो का मानक के अनुरूप क्वालिटी/गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए कार्यो मे भौतिक प्रगति बढाये जाने के पूर्ण सहयोग प्रदान करे तथा नोडल विभाग जल जीवन मिशन, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) के अधिशासी अभियन्ता, श्री आशीष कुमार भारती, उपरोक्त सभी कार्यो का निरन्तर अनुश्रवण करते हुए अपने स्तर स्वयं मानीटरिंग करने सख्त निर्देश दिये गये। अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) चित्रकूट द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि मऊ एवं बरगढ रेट्रोफिटिंग परियोजनाओं में 06 स्थलों पर भूमि से सम्बन्धित विवाद/समस्या है जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) चित्रकूट को निर्देश दिये गये कि अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) चित्रकूट से समन्वय स्थापित करते हुये उक्त 06 स्थलों पर भूमि से सम्बन्धित समस्या का निराकरण कराते हुये निर्माण कार्य शीघ्र प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) चित्रकूट द्वारा अवगत कराया गया कि रेट्रोफिटिंग व पुनर्गठन पेयजल योजना (पैकेज संख्या–01, 02 एवं 03) के अन्तर्गत डिमाण्ड ओनली के अन्तर्गत एल0एण्ड0टी0 चित्रकूट को 32 राजस्व ग्रामों में एवं मैसर्स जी0वी0पी0आर0 चित्रकूट को 10 राजस्व ग्रामों में राइजिंग मेन पाइप लाइन बिछाने का कार्य करना था जिसे सम्बन्धित फर्मो द्वारा कार्य अभी तक प्रारम्भ नहीं किया गया है जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म एल0एण्ड0टी0 चित्रकूट एवं मैसर्स जी0वी0पी0आर0 चित्रकूट को कड़े निर्देश दिये गये डिमाण्ड ओनली के अन्तर्गत अपने से सम्बन्धित पाइप पेयजल योजना के अन्तर्गत कार्य यथाशीघ्र प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करें।

इसके अतिरिक्त कार्यदायी संस्था-(L&T) / (GVPR)इंजीनियर्स लि0 को सिलौटा मु0 एवं चांदीबांगर पाइप पेयजल परियोजना, रैपुरा ग्राम समूह पाइप पेयजल परियोजना, जल निगम की रेफ्ट्रोफीटिंग परियोजना अन्तर्गत पैकेज-01, 02, व 3 अर्न्तगत समस्त अवशेष कार्यो को समयबद्व तरीके पूर्ण किये जाने हेतु कार्य स्थलों में अतिरिक्त मैनपावर/टीम/मशीनरी की तैनाती करते हुए यथाशीघ्र अवशेष कार्यो को पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये। समीक्षा बैठक में उपस्थित (TPI) के डिप्टी टीम लीडर श्री अमयनरायन दीक्षित एवं उनके समस्त इंजीनियर्स को नियमित रूप से फील्ड भ्रमण कर प्रतिदिन की जी.पी.एस. फोटोग्राफ्स/रिपोर्ट की आख्या जे0जे0एम0 वाट्सएप ग्रुप पर प्रेषित करने के साथ-साथ परियोजनाओ के लम्बित कार्यो की प्रगति में अपेक्षित सुधार लाने हेतु अपने स्तर से स्वयं मानीटरिंग कर ससमय कार्य गुणवत्तापूर्वक कराते हुए योजनाओ के सफल क्रियान्वयन किये जाने के निर्देश दिये गये।

फर्म मैसर्स एल0एण्ड0टी0 चित्रकूट, जी0वी0पी0आर0 चित्रकूट एवं अन्य समस्त फर्मो को निर्देश दिये गये कि जनपद में निर्माणाधीन समस्त पाइप पेयजल योजनाओं में ग्रीष्म ऋतु के पहले जहां कनेक्शन नहीं हैं वहां स्टैण्ड पोस्ट बनाये जायें एवं विगत वर्षो में जिन ग्रामों में टैंकर के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की गयी थी उन ग्रामों में इस वर्ष अनिवार्य रूप से पाइप लाइन के माध्यम से पेयजल आपूर्ति करना सुनिश्चित करें किसी भी दशा में टैंकर से पेयजल का संचालन नहीं किया जाना है। आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत सिलौटा मुस्तकिल व चांदी बांगर ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत रोड रेस्टोरेशन का शत प्रतिशत कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें एवं जिन स्थलों पर मोटरेबल रोड बनाने की आवश्यकता हो उसे यथाशीघ्र बनाना सुनिश्चित करें। इसके साथ सधन्यवाद बैठक समाप्त की गयी।

(अभिषेक आनन्द)
जिलाधिकारी
चित्रकूट

## कार्यालय जिलाधिकारी चित्रकूट

संख्या 464 /एस0टी0-ए0डी0एम0 (नमामि गंगे) चित्रकूट /2024/41 दिनांक 04 - अप्रैल,-2024

**प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. प्रमुख सचिव महोदय (नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग) उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. आयुक्त महोदय, चित्रकूटधाम मण्डल बांदा।
3. प्रबन्धक निदेशक, उ0प्र0जल निगम (ग्रामीण) उ0प्र0 लखनऊ।
4. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग) लखनऊ ।
5. मुख्य विकास अधिकारी चित्रकूट।
6. अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) ग्रामीण जलापूर्ति विभाग चित्रकूट।
7. मुख्य अभियन्ता, (बुन्देलखण्ड क्षेत्र) उ0प्र0जल निगम ( ग्रामीण) झांसी ।
8. जिला विकास अधिकारी चित्रकूट।
9. जिला पंचायतराज अधिकारी चित्रकूट।
10. समस्त खण्ड विकास अधिकारी चित्रकूट।
11. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/नोडल विभाग चित्रकूट को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
12. समस्त सहायक अभियन्ता, सिविल/मैकनिकल इंजीनियर (SWSM) को आवश्यक कार्यवाही एवं अनुपालनार्थ।
13. डिप्टी टीम लीडर थर्ड पार्टी इंपेक्शन (टी0पी0आई0) को अनुपालनार्थ।
14. क्लस्टर हेड कार्यदायी संस्था L&T/GVPR को को आवश्यक कार्यवाही एवं अनुपालनार्थ।
15. प्रोजेक्ट मैनेजर/डी0जी0एम0 कार्यदायी संस्था L&T/GVPR को अनुपालनार्थ।
16. समस्त ठेकेदार उ0प्र0 जल निगम/रेट्रोफिटिंग पैकेज-1,2,3 को अनुपालनार्थ।

जिलाधिकारी
चित्रकूट